पारि-पुनस्र्थापन वन अनुसंधान केन्द्र
FOREST RESEARCH CENTRE FOR ECO-REHABILITATION
3@1 लाजपत राय रोड, नया कटरा, प्रयागराज
3/1 Lajpat Rai Road, New Katra, Prayagraj
दूरभाष **& 0532&2440795] 2440796**

पारि-पुनस्र्थापन वन अनुसंधान केन्द्र में हिन्दी पखवाड़ा का शुभारम्भ

पारि-पुनस्र्थापन वन अनुसंधान केन्द्र में दिनांक 16.09.2019 को हिन्दी पखवाड़ा के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 14-30 सितम्बर के मध्य है जिसमें हिन्दी से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री कविता उपाध्याय, प्रख्यात कवयित्री, साहित्यकार तथा डा महादेवी वर्मा की प्रिय शिष्या ने कार्यक्रम को सुशोभित किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डा0 नितिशा श्रीवास्तव, वनस्पति विज्ञानविद् तथा नवोदित कवयित्री थी। डा0 संजय सिंह, वरिष्ठतम वैज्ञानिक तथा केन्द्र प्रमुख ने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। स्वागत भाषण में डा0 संजय सिंह, वरिष्ठतम वैज्ञानिक तथा केन्द्र प्रमुख ने शासकीय कार्य में हिन्दी के महत्व को प्रकाशित करते हुए वैज्ञानिक कार्यो के प्रचार प्रसार तथा लेखन में हिन्दी की भूमिका पर चर्चा किया।

हिन्दी पखवाड़ा के परिचयात्मक सम्बोधन में केन्द्र की हिन्दी अधिकारी डा अनुभा श्रीवास्तव द्वारा यह संदेश दिया गया कि राजभाषा हिन्दी होने के कारण हम सभी का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि हम राजभाषा सम्बन्धी अनुदेशों का अनुपालन उसी दृढता तथा तत्परता के साथ करें जिस प्रकार अन्य सरकारी अनुदेशों का अनुपालन करते हैं। मुख्य अतिथि सुश्री

उपाध्याय जी ने कहा कि हम सभी के सामूहिक एंव सार्थक प्रयासों से ही हिन्दी भाषा राष्ट्रीय स्तर पर नवीन कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होनें केन्द्र के वैज्ञानिक तथा अनुसंधान कार्य से जुड़े सदस्यों के द्वारा हिन्दी में कार्य किये जाने की प्रशंसा किया तथा उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें प्रेषित किया। उन्होनें हिन्दी पर स्वरचित काव्य-पाठ भी किया। विशिष्ट अतिथि डा0 नितिशा श्रीवास्तव ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुये शासकीय कार्य में राजभाषा का उत्भव, स्वीकार्यता तथा प्रयोग पर चर्चा की। उनके द्वारा पर्यावरण पर एक स्वरचित काव्य-पाठ भी किया गया। कार्यक्रम की शोभा को अति मधुर रूप देते हेतु केन्द्र प्रमुख डा0 संजय सिंह द्वारा स्वरचित काव्य-पाठ प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिकगण डा0 कुमुद दूबे, डा0 अनीता तोमर तथा श्री आलोक यादव, तकनीकी अधिकारीगण डा0 एस0डी0 शुक्ल तथा श्री रतन कुमार गुप्ता, श्री सियाराम, सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी, श्री हरीश कुमार, सहायक (लेखा) तथा परियोजना में कार्यरत विद्यार्थियों तथा अन्य स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 कुमुद दूबे द्वारा हिन्दी पर एक काव्य- पाठ के साथ अतिथियों तथा प्रतिभागियों को धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन तथा संचालन डा0 अनुभा श्रीवास्तव, वैज्ञानिक तथा हिन्दी अधिकारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ

हिन्दी पखवाड़ा
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

हिन्दी पखवाड़ा
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

हिन्दी पखवाड़ा
दिनांक : 14.09.2019 से 30.09.2019
C.S.F.E.R.
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

हिन्दी पखवाड़ा
दिनांक : 14.09.2019 से 30.09.2019
C.S.F.E.R.

हिन्दी पखवाड़ा
दिनांक : 14.09.2019 से 30.09.2019
C.S.F.E.R.
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

हिन्दी पखवाड़ा
ALLAHABAD

हिन्दी पखवाड़ा
दिनांक : 14.09.2019 से 30.09.2019

हिन्दी पखवाड़ा

हिन्दी पखवाड़ा

हिन्दी पखवाड़ा

हिन्दी पखवाड़ा

हिन्दी पखवाड़ा
दिनांक : 14.09.2019 से 30.09.2019